**ज़िला सहयोगी (सपोर्ट) स्टाफ:**

## गैर शिक्षण ज़िला सपोर्ट स्टाफ:

यह प्रशिक्षित स्टाफ हैं जो विशेष सपोर्ट सेवाएँ देतें हैं।

1. **मल्टीकल्चरल लिएज़ोन वर्कर्ज़ - MCLWs**

-मल्टीकलचरल लिएज़ोन वर्कर्ज़ पब्लिक स्कूल प्रणाली से परिचित होते हैं, और सांस्कृतिक एकता और सांस्कृतिक बातचीत से संबंधित विषयों का अनुभव रखते हैं।

-यह विभिन्न भाषाओं में माता पिता को पब्लिक स्कूल सिस्टम को समझने में और एक नई संस्कृति में रहन-सहन तथा उसके बारे में सीखने में सहायता करते है।

- यह ई एस एल विद्यार्थियों की ज़रूरतों को भी पहचाननें में स्कूल की सहायता करते हैं। अलग-अलग वर्गों (backgrounds) के छात्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप स्कूल का प्रोग्राम तैयार करने में सहायता करते हैं।

2. **सैटलमेंट वर्कर्ज़ इन स्कूल्ज़ (SWIS) प्रोग्राम**

- सैटलमेंट वर्कर्ज़ आप्रवासी और शरणार्थी छात्रों और परिवारों के साथ सीधे काम करते हैं।

-यह परिवारों को अपनी नई कम्युनिटी, घर और स्कूल के अनुकूल बनने और बसने में सहायता करते हैं।

3. **स्कूल सम्पर्क अधिकारी (SLOs)**

- स्कूल सम्पर्क अधिकारी स्थानीय पुलिस विभाग के सदस्य होते हैं।

- एक अकेला अधिकारी आमतौर पर कई स्कूलों में काम करता है।

-वे सुरक्षा और कानून, और कुम्युनिटी में एक पुलिस अधिकारी की ज़िम्मेदारी पर कार्यक्रम पेश करते हैं।

- वे अपराध की रोकथाम पर ध्यान देते हैं और गैरकानूनी गतिविधियों की जांच करते हैं।

4. **स्कूल से जुड़ी हुई कम्युनिटी नर्स**

- कम्युनिटी नर्स छात्रों के शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के मसलों में सहायता करते हैं।

- जिन छात्रों को कोई शारीरिक समस्या है उन की निगरानी करते हैं। - वे छात्रों को उपयुक्त कम्युनिटी साधनों की सूचना देते हैं।

-स्वास्थ्य संसाधनों का संयोजन करते हैं।

-वे अपने आप या दूसरों के साथ मिल कर छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी शिक्षा देते हैं।

VSB

**"District Support Staff"**

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada British Columbia WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

# ज़िला सहयोगी स्टाफ



## यह कौन हैं? उनकी ज़िम्मेदारियाँ क्या हैं?

## जिला सहयोगी (सपोर्ट) स्टाफ



यह स्टाफ बच्चों और उनके अध्यापकों के साथ काम करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि स्कूल में सभी बच्चे एक सुरक्षित वातावरण में अपनी प्रतिभाएं विकसित कर रहे हैं ।

जो विशेष प्रशिक्षित लोग अध्यापकों तथा बच्चों को अतिरिक्त सहायता प्रदान करते हैं, यह ब्रोशर उन्ही के कार्य के बारे में बतलाता है ।

## ज़िले के सहयोगी स्टाफ:

इसमें अध्यापक तथा अन्य विशेष ट्रेनिंग प्राप्त स्टाफ शामिल हैं जो आमतौर पर कई स्कूलों में काम करते हैं। यह स्कूल स्टाफ के साथ मिल कर विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यक्रम विकसित करने में मदद करते हैं। ज़िला से सम्बंधित सहयोगी स्टाफ में निम्न सम्मिलित हो सकते हैं:

**1. ज़िला संसाधन अध्यापक (डिस्ट्रिक्ट रिज़ोर्स टीचर्ज़: DRTs)**

- DRTs कक्षा अध्यापकों के साथ मिल कर विशेष जरूरतों वाले उन छात्रों के पाठ्यक्रम को अनुकूल बनाते हैं या संशोधित करते हैं जिनको नेत्रों/ कानों की दुर्बलता , सीखने में कठिनाई और/या व्यवहार की समस्याएँ हो सकती हैं ।

**2. बोलने और भाषा में कठिनाई को जांचने वाले (स्पीच एंड लेंगवेज पैथोलोजिस्ट्स:SLPs)**

- वे भाषा विकास के क्षेत्र में प्रशिक्षित होते हैं ।

-वे अध्यापक के साथ मिल कर छात्र की भाषा विकास का आंकलन करते हैं और अगर जरूरत है तो सुधारने के उपाय बताते हैं ।

**3. स्कूल मनोवैज्ञानिक**

- स्कूल मनोवैज्ञानिक उन छात्रों की जांच करने के लिए प्रशिक्षित होते है जिनको सीखने में कठिनाई हो रही है। इस जांच को मनौवैज्ञानिक शैक्षिक जांच कहा जाता है।

-यह शिक्षकों के साथ मिल कर इस जांच की आवश्यकता के बारे में निर्णय लेते हैं और उस के नतीजे के आधार पर उपाय सुझाते हैं।

## कम्युनिटी स्कूल टीमें (सी एस टी)

हर स्कूल टीम में एक संयोजक (coordinator), शिक्षक, यूथ एंड फैमिली वर्कर और एक प्रोग्रामर होते हैं। प्राथमिक (एलीमेन्टरी) और उच्च (सैकेंडरी), दोनों स्कूलों के छात्रों के साथ, यह टीमें काम करती हैं। वे छात्रों और माता पिता को न केवल शैक्षिक बल्कि सामाजिक और भावनात्मक जरूरतों में भी सहायता करती हैं।

**1. सी एस टी संयोजक**

- संयोजक स्कूलों और कम्युनिटी की साझेदारी को विकसित करते हैं।

- वे स्कूल और कम्युनिटी वर्गों के साथ मिल कर स्कूलों और कम्युनिटी की जरूरतों के मुताबिक कार्यक्रम तय करते हैं ।

- वे छात्रों के लिए स्कूल समय के बाद के कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं और स्कूल स्टाफ को विशेष परियोजनाओं में सहायता करते हैं।

**2. सी एस टी शिक्षक**

- सी एस टी अध्यापक छात्रों को एलीमेन्टरी से सैकेंडरी स्कूल के रास्ते को तय करने के लिए तैयार करते हैं ।

- यह किसी एक छात्र को और / या छात्रों के समूहों को गहन शैक्षिक सहायता प्रदान कर सकते है।

**3. सी एस टी युवा और पारिवारिक कार्यकर्ता (यूथ एंड फैमिली वर्कर: YFW)**

-YFWs का प्रशिक्षण छात्रों की सामाजिक और भावनात्मक जरूरतों को पूरा करने के लिए होता है।

- वे अक्सर उन छात्रों के साथ काम करते हैं जिनको कोई अन्य समर्थन प्राप्त नहीं है।

-वे कक्षा के बाहर छात्रों और परिवारों के साथ काम करते हैं

- वे छात्रों और परिवारों की मदद करते हैं साथ ही स्कूल, कम्युनिटी और दूसरी एजेंसियों के साथ संबंध बनाते हैं।

**4. सी एस टी प्रोग्रामर**

- सयोंजकों के साथ मिल कर स्कूलों के कार्यक्रमों की निगरानी करते हैं।

- प्रोग्रामर्ज़ हाई स्कूल के छात्रों को प्रशिक्षण देते हैं ताकि वे एलीमेन्टरी स्कूलों के दोपहर भोजन समय और स्कूल के बाद के कार्यक्रमों में भी छात्रों की जरूरतो को पूरा करने में मदद कर सकें।

